हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 3 जुलाई 2024
[ नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 'जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से करें...'



07 लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर बोलेरो चालक ने ...



### जनसुनवाई में किसान ने अधिकारियों से कहा 3 माह पहले खरीदी केन्द्र पर बेचा गेहूं

# साहब! 9 जुलाई को मेरी बेटी की शादी है, गेहूं का भुगतान करा दें

साहब ! 9 जुलाई को मेरी बेटी की शादी होना तय हुई है, लेकिन अर्थ अभाव के कारण मेरी और परिवार की चिंता बढ़ रही है। दरअसल हथनापुर खरीदी केन्द्र पर समर्थन मूल्य पर तीन माह पूर्व मैंने गेहूं बेचा है लेकिन अभी तक भुगतान नहीं हुआ है। आपसे निवेदन है कि गेहूं का भुगतान कराकर मेरी समस्या का समाधान करा दें, ताकि मैं अपनी बेटी के पीले हाथ सनातन रीति रिवाज के साथ कर सकूं। यह बात मंगलवार को जनसुनवाई में डोलरिया के ग्राम कुल्हाड़ा के किसान बृजमोहन ने कही।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के तीन माह बाद भी डोलरिया के ग्राम कुल्हड़ा के किसान को भुगतान नहीं हो पाया है। जिससे किसान ब्रजमोहन परेशान है। किसान की 9 जुलाई को बेटी की शादी है। लेकिन अब तक भुगतान नहीं होने से किसान ब्रजमोहन मंगलवार को इस उम्मीद से नर्मदापुरम जिला मुख्यालय पर स्थित जनसुनवाई पहुंचा। जहां उसने अधिकारियों को अपनी फरियाद सुनाई। किसान ने कहा साहब तीन महीने पहले 22 अप्रैल को मैंने 113700 रुपए लागत का 54 क्विंटल गेहूं हथनापुर में बने खरीदी केंद्र पर बेचा था। खाते में गलत आईएफएसी कोड के चलते मुझे भुगतान नहीं हो पाया। बाद में मैंने सही बैंक खाता व आईएफसी कोड भी दिया। 13 जून को मैंने ईकेवासी करा लिया। लेकिन अभी तक मुझे 113700 रुपए का भुगतान नहीं हो पाय। जबकि उपार्जन केंद्र के बोनस के 6000 रुपए रुपए मेरे खाते में आ गए। 9 जुलाई को मेरी बेटी की शादी के लिए रुपए की आवश्यकता है। मुझे उपार्जन का भुगतान कराया जाएं। ताकि बेटी की शादी में कोई दिक्कत न आ सकें। मंगलवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर की अनुपस्थिति में आईएएस जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत ने जिलेभर से आएं लोगों की पीड़ा को सुनाई। उन्हें समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया।

### मूंग रखे वेयरहाउस को भी बनाया केंद्र, धांधली के आरोप

जिले में 39 केंद्रों पर सरकारी मूल्य पर ग्रीष्म कालीन मूंग खरीदी जारी है। उपार्जन केंद्र बनाने को लेकर एक वेयरहाउस के संचालक ने धांधली के आरोप लगाएं। जनसुनवाई पहुंचे केसला के मीना वेयरहाउस के संचालक नितिन मीना ने कहा शासन के नियम अनुसार मूंग के खरीदी केंद्र नहीं बनाए गए हैं। मेरे यहां शासन के नियमानुसार एमपीसीडब्ल्यूएलसी ने वेयर हाउस खाली था तो मैंपिग की गई। बाद में फूड विभाग समेत अन्य अधिकारी आए। निरीक्षण कर कहा कि मूंग खरीदी के लिए आपका गोदाम है। इस बाद मीना वेयर हाउस पर मूंग भंडारण निरस्त कर, हमारे बाजू वाले अन्नपूर्णा वेयर हाउस केसला को केंद्र बनाया गया। जबकि अन्नपूर्णा वेयरहाउस में पहले से मूंग रखी हुई है। उन्होंने कहा नर्मदापुरम कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में साफ लिखा कि जहां पहले मूंग रखी हो, उस गोदाम को केंद्र न बनाया जाएं। बावजूद ऐसा हुआ।

### फीस बढ़ाने पर स्कूलों की हुई शिकायत

जिले के कुछ निजी स्कूलों में फीस वृद्धि को लेकर पालक परेशान हैं। जनसुनवाई में एक पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई है कि निजी स्कूलों की मनमानी की शिकायत की। उन्होंने कहा स्कूल प्रबंधन हर साल मनमाने तरीके से फीस बढ़ा रहे है। पुस्तक भी एक-दो पाठ बदलकर हर साल बदल दी जाती है। कम से कम 5 हजार रुपए में नई पुस्तकें मिलती है। पुस्तक भी एकमात्र दुकान पर ही मिलती है। स्कूल ड्रेस में भी इसी प्रकार से होता है। जिससे बच्चे के अभिभावक पर कई ज्यादा खर्च का भार आता है। स्कूल की इस मनमानी पर रोक लगाकर कार्रवाई कार्रवाई की जाएं।

### सीवरेज लाइन की समस्या से परेशान नागरिक

पिछली जनसुनवाई कार्यक्रम में मालाखेड़ी निवासी मनोज तिवारी ने आवेदन सौंपकर मांग की थी कि नाली पर बने अतिक्रमण की वजह से अवरूद्ध होने के कारण गंदा पानी घर में घुस रहा है। उक्त समस्या का समाधान कराई जाए ताकि दूषित गंदे पानी से घर में बदबू और मच्छरों की संख्या में इजाफा हो रहा है जिससे स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है लेकिन अभी तक नपा द्वारा समस्या का समाधान नहीं कराया गया गया है।

# देर से दफ्तर आने वाले कर्मचारियों को थमाया कारण बताओ सूचना पत्र

### सुबह 10 से शाम 6 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम



शासन के निर्देशानुसार समस्त विभागों के कर्मचारियों को अपने कार्यालय में प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक उपस्थित रहना अनिवार्य है। इसी क्रम में विलंब से उपस्थित होने वाले कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। मंगलवार को संभागीय उपायुक्त, जनजातीय कार्य विभाग जे.पी. यादव द्वारा कलेक्ट्रेट भवन स्थित कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग का प्रातः 10 बजे से 11.15 बजे तक आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान 21 कर्मचारियों में से 11 कर्मचारी कार्यालय समय पर उपस्थित नहीं पाये गये, ये कर्मचारी 10.15 बजे से 11.15 के मध्य उपस्थित हुए। विलंब से उपस्थित होने वाले कर्मचारी दीपाली पठारिया मंडल संयोजक, रजनीश पटेल उपयंत्री, विवेक दुबे कार्यक्रम निरीक्षक, एम. के. मोनी, आर एम, उइके, कैलाश बन्द्र धुर्वे, मनोज सोनी (सभी सहायक ग्रेड-2), मी.एल. वरखने, श्रीमती विमला सेजकर (सभी सहायक ग्रेड-3), रामभरोस यादव, सजल दास (भृत्य) को आधे दिन का वेतन कटौत्रा किये जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये गये हैं। इसके अतिरिक्त बिना पूर्व सूचना के अचानक व्हाट्सअप के माध्यम से आकस्मिक अवकाश आवेदन पत्र प्रेषित करने वाने पुलकित दुवे तथा सुमित मालवीय (दोनों मनायक ग्रेड-3) को भी कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। इसके अलावा संभागीय उपायुक्त श्री यादव ने अपने कार्यालय के कर्मचारी श्रीमती मीना राजपूत, भावेश शर्मा (दोनों महायक ग्रेड-3), ममता श्रीवास्तव भृत्य को भी विलंब से उपस्थित होने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया। यादव ने सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्रतिदिन प्रातः 10 बजे तक कार्यालय में उपस्थित होवे तथा निर्धारित समय शांय 6 बजे के पूर्व कार्यालय न छोड़ें। विना अवकाश स्वीकृत कराये तथा बगैर कार्यालय प्रमुख की अनुमति के कार्यालय से अनुपस्थित न रहें। भविष्य में इसी तरह के आकस्मिक निरीक्षण किये जाते रहेंगे तथा निर्देशों का पालन न करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# जिले में नर्सिंग कॉलेज की मान्यता पर आरोप-प्रत्यारोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

वर्ष 2019-20 में नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता के लिए हुए फर्जीवाड़ा पर राजनैतिक दलों के आरोप-प्रत्यारोप जारी है। एक ओर जहां सोमवार को जिला मुख्यालय में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार का पुतला फूंक कर नर्सिंग कॉलेज की मान्यता में हुए गड़बड़ झाले का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। तो वहीं भाजपा के पदाधिकारियों ने कहा कि उल्टा चोर कोतवाल को डांटे की कहावत चिरतार्थ हो रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि कांग्रेस शासनकाल वर्ष 2019-20 में नर्सिंग कालेजों को मान्यता देने के लिए फर्जीवाड़ा हुआ था। अब भाजपा शासन काल में फर्जी नर्सिंग कॉलेजों पर कार्रवाई एवं मान्यता देने के लिए कठोर कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस शासन काल में नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता देने के लिए 2018 में बनाए गए नियमों का पालन सरकार द्वारा नहीं किया गया था। इस दौरान मान्यता के लिए 516 आवेदनों में से 453 कॉलेजों को मान्यता प्रदान की गई थी वहीं लगभग 100 से अधिक नए कालेजों को मान्यता दी गई थी। उन्होंने बताया कि जिन 453 नर्सिंग कालेजों में मान्यता दी गई थी जिसमें से भौतिक सत्यापन कराकर 126 कालेजों की मान्यता समाप्त की गई क्योंकि निरीक्षण के दौरान उनमें अनियमितताएं पाई गईं थीं। वहीं सीबीआई जांच में भी कांग्रेस शासन में मान्यता प्राप्त कालेजों में से 39 कालेजों को अमानक पाया गया था। इस तरह 165 फर्जी कालेजों के शासन द्वारा मान्यता प्रदान की गई थी। वहीं कांग्रेसी पदाधिकारियों द्वारा भाजपा सरकार पर नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता में हुए फर्जीवाड़ा का अरोप लगाया जा रहा है। फिलहाल फर्जीवाड़ा मामले को लेकर दोनों ही राष्ट्रीय राजनैतिक दल आमने सामने हैं। अब नागरिकों को सत्यता उजागर होने का इंतजार है।

### आंगनबाड़ी केंद्र पर हुआ पौधरोपण



**नर्मदापुरम।** मंगलवार को आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 25 व 10 कंचन नगर रसूलिया में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र पर बालिकाओं द्वारा पौधरोपण किया गया। जिसमें बालिकाओं के माता-पिता जाह्नवी श्वेता, अश्विनी, पाखी अनुराधा, अभय नामदेव द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र पर दो पौधे आम और नींबू के भेट स्वरूप दिए गए। इस अवसर पर सेक्टर सुपरवाइजर श्रीमती आस्था शिवहरे, कार्यकर्ता सेवंती वर्मा एवं वार्ड की अन्य महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे।

# संसद के प्रतिपक्ष नेता के बयान के विरोध में विहिप ने फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम



विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा संसद के प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी का मंगलवार को पुतला दहन किया गया। संसद भवन में राहुल गांधी द्वारा हिन्दुओं को हिंसक एवं असत्यवादी बताना समस्त हिन्दू समाज का घोर अपमान है, जिससे हिन्दू समाज आहत है। राहुल गांधी के इस कृत्य के विरुद्ध में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नर्मदापुरम द्वारा आज पिनेकल चौराहा एसपी ऑफिस के सामने राहुल गांधी का पुतला दहन एवं धरना प्रदर्शन किया। जिला संयोजक नितिन मेषकर द्वारा बताया गया कि पूर्व में भी अनेकों बार राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को अपमानित करने का प्रयास कई बार किया गया है। राहुल गांधी के खिलाफ सरकार को सख्त से सख्त कार्यवाही करना चाहिए ताकि वह इस प्रकार के कृत्य दोबारा करने के प्रयास न करें। कार्यक्रम में विभाग मंत्री शिव राठौर , जिला उपाध्यक्ष प्रवीण अवस्थी, जिला संयोजक नितिन मेषकर, जिला धर्म प्रसार प्रखर राज शर्मा, जिला गोरक्षा प्रमुख कैलाश दायमा, जिला सुरक्षा प्रमुख प्रदीप दायमा, जिला सह मंत्री अनूप सिंह यदुवंशी, नगर सह मंत्री सुरेंद्र साहू, नगर संयोजक दिनेश कीर, नगर सहसंयोजक मनीष चौकसे, सामाजिक समरसता प्रमुख रविंद्र , नगर मंत्री सिवनी मालवा हरीश दुबे, सह गौ रक्षा प्रमुख विनोद दायमा, इटारसी नगर संयोजक संदीप यदुवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता हंस राय, दीपक प्रजापति, पृथ्वी पाल सिंह, दीपक प्रजापति, अतुल मालवीय, ज्ञानी राम रामेश्वर प्रसाद, अनिल यादव, पीयूष कटारे, बृजेश राजपूत, पीयूष राजपूत, विशाल रैकवार, अर्जुन रैकवार एवं हिंदू समाज उपस्थित रहा।

# सीएमओ ने किया सीवरेज रेस्टोरेशन कार्य का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

नगर में एमपीयूडीसी द्वारा नगर के वार्डों में कराए जा रहे सीवरेज कार्य के संबंध में संबंधित वार्ड पार्षदों द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को की गई शिकायतों के निराकरण किए हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा वार्ड क्र. 19 एवं वार्ड क्र. 23 में चल रहे सीवरेज कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त वार्डों में रेस्टोरेशन का अपूर्ण पाया गया। तत्संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा महाप्रबंधक एमपीयूडी को उक्त वार्डों में सीवरेज रेस्टोरेशन का कार्य 3 दिवस में पूर्ण करने हेतु पत्र जारी किया गया है। उक्त रेस्टोरेशन का कार्य 3 दिवस में समुचित कार्यवाही कर पूर्ण नहीं कराए जाने की स्थिति में आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया जाने का उल्लेख भी पत्र. में किया गया है। सीवरेज कार्य के निरीक्षण के दौरान सीएमओ हेमेश्वरी पटले सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रगान से हुई माह के प्रथम कार्य दिवस की शुरुआत

**नर्मदापुरम।** जुलाई माह के प्रथम कार्य दिवस की शुरुआत संभागायुक्त कार्यालय एवं कलेक्टर कार्यालय में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान जन-गण-मन के सामूहिक गायन के साथ हुई। इस अवसर पर आयुक्त कार्यालय नर्मदापुरम संभाग तथा कलेक्टर कार्यालय नर्मदापुरम के सभी अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लापरवाही हुई तो बस संचालकों पर होगी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

मंगलवार को जिला परिवहन कार्यालय में आरटीओ अधिकारी निशा चौहान के द्वारा जिले के समस्त बस संचालक तथा आसपास के जिलों से आने वाली बसों के संचालकों के साथ वर्षाकाल में बसों के संचालन में सावधानी रखने के लिए बैठक ली गई। जिसमे आरटीओ अधिकारी द्वारा आवश्यक निर्देश देते हुए बस संचालकों को बताया गया की बारिश में नदी - नालों में उफान होने, कीचड़ होने से बसों की गति को धीमा रखते हुए सावधानी पूर्वक चलाने की सख्त हिदायत दी गई। नदियों पर बने पुलो पर बरसाती पानी आने पर बसों को जोखिम पूर्वक बस न निकाले, जिससे बस में सवार यात्रियों को किसी भी प्रकार के नुकसान न होने पर, किसी भी प्रकार की दुर्घटना अथवा लापरवाही की शिकायत आने पर जुर्माना या परमिट निरस्त की कार्यवाही की जाएगी।

**कार्रवाई से ऐसे बचें**

- बसों में ओवरलोडिंग न हो
- बिना स्टापेज बसों को बार बार बार न रोका जाए
- बस निर्धारित समय पर ही चलाए
- वाहन के फिटनेस की जांच करवाए।
- चालक तथा परिचालक वर्दी में रहे
- वाहनों के दस्तावेज पूर्ण करवाए
- बारिश का पानी पुल - पुलिया के ऊपर होने पर बस न निकाले

### जिले में अब तक 140.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**नर्मदापुरम।** जिले में 1 जून 2024 से आज दिनांक 2 जुलाई को प्रातः 8 बजे तक जिले में 140.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 133.2 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। 2 जुलाई 2024 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 15.0 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 20.0, इटारसी मे 8.6, माखननगर में 21.0, सोहागपुर में 15.0, , पिपरिया में 16.0 , बनखेड़ी 21.4, पचमढ़ी में 36.6 एवं डोलरिया तहसील में 22.3, मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिमी है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया है कि मानसून की वर्षा जारी है। इसके चलते नर्मदा नदी एवं विभिन्न जलाशयो में भी जलस्तर में वृद्धि हो रही है। वर्तमान में सेठानीघाट का जल स्तर 934 फीट है , तवा जलाशय का 1119.80 फीट है, बरगी जलाशय का 407.90 मीटर एवं बारना जलाशय 343.7 मीटर दर्ज किया गया है।

### होम साइंस कॉलेज में दीक्षारंभ समारोह का किया आयोजन

# नव प्रवेशित छात्राओं को दी पाठ्यक्रम की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम



शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम में दीक्षारंभ समारोह के द्वितीय दिवस में प्राचार्य डॉ. श्रीमती कामिनी जैन के निर्देशन में विभिन्न समितियों के सदस्यों द्वारा नवप्रवेशित छात्राओं के लिए कई महत्त्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए। डॉ आशीष सिंह एवं डॉ चंद्रशेखर राज द्वारा छात्राओं को विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों के बारे में जानकारी दी जिसमें उन्होंने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए पात्रता के बारे में समझाया।

डॉ पुष्पा दुबे द्वारा महाविद्यालय के विभिन्न विभागों का एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न विषयों के बारे में छात्राओं को जानकारी दी की किस तरह छात्राएं बहुविषयक पाठ्यक्रम का अध्ययन कर सकती हैं। डॉ रश्मि श्रीवास्तव द्वारा महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्येतर गतिविधियों जैसे युवा उत्सव वार्षिक उत्सव खेल सेमिनार आदि की जानकारी दी। डॉ वैशाली लाल ने छात्रों को एबीसी आईडी के बारे में बताया की किस तरह से क्रेडिट को एबीसी आईडी में रखा जाता है। डॉ श्रुति गोखले द्वारा वरिष्ठ छात्राओं के साथ संवाद सत्र आयोजित किया गया जिसमें नवप्रवेशित छात्राओं को महाविद्यालय के वातावरण से परिचय करवाया गया जिससे वो उनके अनुरूप स्वयं को सहज महसूस कर सके।

विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ. मयंक तोमर सर्व शिक्षा अभियान के ब्रांड एंबेसडर द्वारा बताया गया कि जिस महाविद्यालय में अपने प्रवेश लिया है उसमें हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध है। आप शिक्षा अर्जन के साथ-साथ समाज के लिए आगे आए जिसका सबसे उपयुक्त प्लेटफार्म आपका महाविद्यालय है।

डॉ संगीता अहिरवार द्वारा कैरियर परामर्श एवं प्लेसमेंट सेल के बारे में बताया की समय-समय पर छात्राओं के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाता है जिसमें छात्राओं को उनकी रुचि एवं योग्यता के अनुसार रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं समय-समय पर निःशुल्क अल्पावधि प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं जिसके अंतर्गत मशरूम उत्पादन, वर्मी कंपोस्ट उत्पादन, बायोगैस उत्पादन आदि में छात्राओं को प्रशिक्षित किया जाता है जिससे वे स्वयं का रोजगार स्थापित कर सके।

डॉ आशीष सोहगौरा, डॉ निशा रिछारिया, श्रीमती अभा वाधवा, श्री देवेंद्र सैनी, श्रीमती प्रीति ठाकुर द्वारा छात्राओं को महाविद्यालय की सभी प्रयोगशालाओं का एवं डिजिटल संसाधनों का अवलोकन करवाया गया।

## खबर संक्षेप

### बिजली विभाग शाहपुर की तुरंत कार्रवाई से नागरिकों में हर्ष

**शाहपुर।** नगर परिषद शाहपुर के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 12 मंगल पांडे में बिजली के तारों को कुछ पेड़ स्पर्श कर रहे थे। 2 जुलाई 2024 दिन मंगलवार को वार्ड में रहने वाले संदीप प्रजापति के द्वारा बिजली विभाग में फोन द्वारा सूचना दी गई। सूचना प्राप्त होते ही कार्यालय अधिकारी गोविंद राव डोंगरे के द्वारा तुरंत बिजली विभाग के कर्मचारी को भेजकर पेड़ो को तारों से दूर किया गया। और समाचार का समाधान तुरंत किए जाने से वार्ड वासियों में हर्ष और मध्य प्रदेश विद्युत मंडल शाहपुर का आभार मान।

### नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम

**शासकीय।** महाविद्यालय शाहपुर में शासन के निर्देशानुसार 1 जुलाई से 3 जुलाई तक नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस डॉ संजय बाणकर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना एवं कॉलेज में होने वाली सांस्कृतिक गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रो सी के बागमारे ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना एवं छात्रवृत्ति से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। द्वितीय दिवस डॉ राकेश हेनोतें द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। डॉ ओम झा एवं डॉ देवेंद्र रोड़गे द्वारा भी विद्यार्थियों को खेल एवं अध्यापन संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। कल 3 जुलाई को नवप्रवेशित विद्यार्थियों को कॉलेज स्टाफ के साथ कॉलेज का भ्रमण कराया जाएगा एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। दीक्षारंभ कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ पूनम देशमुख, प्रो नितू जायसवाल, डॉ सचिन नागले,डॉ शीतल चौधरी, प्रो आजाबराव इवने, जयंत मिश्रा, डॉ नीतेश पाल, प्रो अलकेश सुनारे सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

### नए कानूनों के बारे में विस्तार से दी जानकारी

**भैंसदेही।** भैंसदेही पुलिस द्वारा नये कानून के बारे में लोगों को अगवत कराया जा रहा है। नगर के बस स्टैंड पर बैनर पोस्टर के माध्यम से लोगों को जानकारियां भी दी गई। जिसमें मुख्य रूप से एसडीओपी भूपेंद्र सिंह मौर्य, अंजना धुर्वे सहित गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि गन पत्रकार गण मौजूद रहे। इसके पूर्व जनपद सभा कक्ष में बैठक आयोजित की। जिसमें 1 जुलाई से कानून में हुए बदलावों की संपूर्ण जानकारी दी गई। थाना प्रभारी अंजना धुर्वे ने बताया कि आईपीसी में 511 धारा थी 25 दिसंबर 2023 को संसद में पारित विधेयक में भारतीय न्याय सहिता 2023 नाम दिया है । 1 जुलाई से जो भी अपराध की कायमी होगी वह भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत होगी। थाना प्रभारी अंजना धुर्वे ने बताया कानून वही है, धाराओं का क्रम इधर से उधर किया है। अब 511 धाराओं की जगह 358 धाराएं रखी हैं। जबकि सीआरपीसी में पूर्व में 484 धारा थी अब 531 धारा हो गई हैं। भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 की दो धाराएं बढ़ी हैं। नए कानून में एफआईआर ऑनलाइन होगी।

### सड़क की मरम्मत कराने पत्रकार संघ ने सौंपा ज्ञापन

**भैंसदेही।** प्रधानमंत्री सड़क योजनातंर्गत बने भीवकुंड मार्ग की मरम्मत कराये जाने की मांग पूर्णा आंचलिक पत्रकार संघ भैंसदेही ने की है। इस संबंध में एक आवेदन भी जनसुनवाई में एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार श्री नागोरिया को सौंपा है, जिसमें बताया कि भैंसदेही के सिटी ग्राउंड से भीवकुंड मार्ग जो कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित हुआ था। उक्त मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। सडक्र के स्थान पर सिर्फ गड्ढे ही नजर आते हैं। जिसके कारण वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बारिश के समय गड्ढों में पानी भरने से सड़क समझ नहीं आती और वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। जिससे भविष्य में जान-माल की हानि भी हो सकती है। पूर्णा आंचलिक पत्रकार संघ भैंसदेही ने बताया कि लेकिन ठेकेदार भी सडक़ की मरम्मत को लेकर विशेष रूचि नहीं दिखा रहे।

## दृष्टिहीन दिव्यांग को रोजगार के लिए जनसुनवाई में 5 हजार का चेक किया भेंट

# 'जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से करें निराकरण'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से करें। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी मंगलवार को कलेक्टोरेट सभागार में जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को समक्ष में सुन रहे थे। जनसुनवाई में 183 शिकायतों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उनके साथ अपर कलेक्टर (विकास) व मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन और एडीएम राजीव नंदन श्रीवास्तव भी आवेदनों पर कार्रवाई की।

**सीमांकनः** शाहपुर तहसील के ग्राम धापड़ा निवासी मयंक चौहान ने सीमांकन हेतु शाहपुर को भूमि सीमांकन की मशीन उपलब्ध किए जाने की मांग की। आवेदन के माध्यम से बताया कि ग्राम धपाडामाल में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 35/1, 35/3 रकबा क्रमशः 0.0373, 0.012 हेक्टेयर. है। भूमि सीमांकन की फीस चालान के द्वारा जमा कर दी गई है। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने शाहपुर तहसीलदार को तत्काल सीमांकन कार्य कराए जाने के निर्देश दिए है।

### प्रधानमंत्री मुद्रा बेरोजगार योजना के तहत ऋण

जनसुनवाई में आमला तहसील के ग्राम खजरी गाडरीढाना निवासी श्री सतीश पिता बिहारी काकोडिय़ा ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा बोरदेही के मैनेजर द्वारा ऋण प्रदान नहीं किए जाने संबंधी शिकायत की। आवेदक ने बताया कि प्रधानमंत्री मुद्रा स्वरोजगार योजना के तहत ऋण के लिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शाखा बोरदेही में समस्त दस्तावेज मैनेजर के पास 19 फरवरी 2024 को जमा किए थे। मैनेजर द्वारा सर्वे कर जांच भी की गई, लेकिन ऋण प्रदान नहीं किया गया। मैनेजर द्वारा जबरन परेशान किया जा रहा है। आवेदक ने बैंक मैनेजर को उचित निर्देश देकर प्रधानमंत्री स्वरोजगार मुद्रा योजना के तहत ऋण प्रदाय किए जाने की मांग की। आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने संबंधित अधिकारियों को जांच कर कार्रवाई के निर्देश प्रदान किए।

### दिव्यांग दृष्टिहीन को मिला स्वरोजगार का सहारा



*जन सुनवाई में मुलताई के ग्राम गढ़वा निवासी दृष्टिहीन दिव्यांग हेमराम गुजरे ने कलेक्टर श्री सूर्यवंशी से मध्यान्ह भोजन में से उन्हें भोजन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि यह स्थाई हल नहीं है। आप सब्जी विक्रय आदि जैसे फुटकर व्यवसाय शुरू करें। इसके लिए उन्होंने रेडक्रॉस के माध्यम से व्यवसाय हेतु राशि रूपए 5 हजार का चेक श्री गुजरे को उपलब्ध कराया। एडीएम श्री श्रीवास्तव द्वारा श्री गुजरे को चेक भेंट किया गया।*

### अवैध कब्जा पर तुरंत कार्रवाई

*आठनेर के ग्राम कावला निवासी देवा पिता रामराव देवहंस ने अनावेदक द्वारा किए गए अवैध कब्जे को दिलवाए जाने की गुहार लगाई। आवेदन के माध्यम से बताया कि अनावेदक रंगराव पिता कलीराम देवहंस निवासी कावला द्वारा उनकी निजी भूमि पर अवैध कब्जा कर जान से मारने की धमकी दी गई है। आवेदक रामराव ने अनावेदक पर उचित दंडात्मक कार्रवाई कर प्लाट दिलवाए जाने की मांग की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने आठनेर तहसीलदार को उचित कार्रवाई के निर्देश प्रदान किए है।*

# कत्लखाने ले जा रहे 12 गोवंश कराए मुक्त, नहीं थम रही तस्करी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

प्रदेश सरकार और पुलिस की गोवंश तस्करी पर सख्ती के लाख दावों के बावजूद तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है। बीती रात राष्ट्रीय हिंदू सेना ने गोवंश तस्करी कर रही एक और गाड़ी पकड़ी है। इसमें 12 गोवंश भरे थे। गोवंश ले जा रहे तस्कर भागने में सफल हो गए। संगठन के तहसील गौरक्षा प्रमुख स्वप्रिल पवांर ने बताया कि संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय को रात्रि 3 बजे इस बारे में सूचना प्राप्त हुई थी। जिसके मुताबिक एक पिकअप वाहन में सापना डैम के जंगल से गौवंश को भर कर महाराष्ट्र ले जाने की तैयारी है। इस पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय गौ तस्करों को पकड़ने के लिए संगठन के सदस्यों को सूचित कर गाड़ी पकड़ने के लिए सक्रिय हुए। संगठन सदस्य लड्डू दवंडे ने बताया कि गोवंश से भरी गाड़ी को ग्राम जावरा में पकड़े जाने में सफलता हासिल की है। गौ तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले।

### ट्रैक्टर सड़क पर लगाकर पकड़ा

गोवंश ले जा रही पिकअप को पकड़ने के लिए गांव की पुलिया पर ट्रैक्टर को आड़ा खड़ा किया गया था। जिसके बाद गोवंश से भरे पिकअप वाहन को पकड़ा गया है। इस गाड़ी में 3 गौ तस्कर थे। वे गाड़ी को पकड़े जाने की संभावना देख कर गाड़ी से कूद कर फरार हो गए। वरिष्ठ सहयोगी संदीप धौटे ने बताया कि गौवंश से भरी गाड़ी को पकड़ने की सूचना संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय ने साईंखेड़ा टीआई मुकेश ठाकुर को दी। पिकअप वाहन में क्रूरतापूर्वक 8 गाय और 4 बैल भरे थे। गोवंश को चोटें भी है।

### पहले भी पकड़ा चुकी गाड़ी

इस गाड़ी को पूर्व में भी संगठन के सदस्यों ने गौवश तस्करी में 3 बार पकड़ कर पुलिस को सौंप कर गौवंश परिवहन एवं गौ तस्करी का मामला दर्ज बैतूल बाजार, शाहपुर और चोपना थाना में दर्ज करवाया था। उसके बावजूद यह गाड़ी आज पुनरू पकड़ाई है। विभाग अध्यक्ष दीपक कोसे ने बताया कि गौवंश को उपचार के बाद गौशाला में सौंपा गया है। इस कार्रवाई में साईंखेड़ा टीआई मुकेश ठाकुर, एसआई पूनम साहू, प्रधान आरक्षक विनय जायसवाल, प्रधान आरक्षक रामानंद धुर्वे, प्रधान आरक्षक रविंद्र नागले, आरक्षक विनोद साहू, आरक्षक कमलेश डेहरिया, संगठन से रितेश ताड़गे, महेंद्र कापसे, गुलाब कावड़कर, राजेश सनाठे, गुलू धोटे की मुख्य भूमिका रही।

## जन परिषद का 35वां वार्षिक समारोह आयोजित

# जनपरिषद अवार्ड से सम्मानित हुए उपसंचालक मुकेश दुबे और पत्रकार केपी अग्निहोत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

अग्रणी संस्था जन परिषद के 35वा वार्षिक समारोह रविवार को स्टेट म्यूजियम श्यामला हिल्स भोपाल में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सीबीआई के पूर्व डायरेक्टर ऋषि शुक्ला, वरिष्ठ रंगकर्मी एवं प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता राजीव वर्मा, पूर्व डीजीपी डीपी खन्ना, पूर्व डीजीपी एन के त्रिपाठी, पूर्व आईएएस सर्वश्री अजातशत्रु श्रीवास्तव, एस के मिश्रा, मनीष श्रीवास्तव, जी पी श्रीवास्तव, आईएफएस अखिलेश अर्गल, मिस यूनिवर्स टाइटैनिक ब्यूटी आशिता कोचर, मिसेज यूनिवर्स टाइटैनिक ब्यूटी प्रगति सेठ एवं मिसेज वर्ल्ड वाइड भूमिका सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे। सर्वप्रथम अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा जन परिषद स्मारिका प्रगति का विमोचन भी किया गया।

### बैतूलबाजार चैप्टर को मिला बेस्ट चैप्टर अवार्ड



### जनपरिषद अवार्ड से उपसंचालक मुकेश दुबे तथा बैतूलबाजार को बेस्ट चैप्टर अवार्ड सम्मान



*उपसंचालक जनसंपर्क कार्यालय बैतूल मुकेश दुबे का अतिथियों द्वारा जन परिषद के अवार्ड -- लक्ष्मी रायकवार सम्मान-- से सम्मानित किया गया। वही समाजसेवा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए बेस्ट चैप्टर अवार्ड की श्रृंखला में बैतूल जिले के बैतूलबाजार चैप्टर को बेस्ट चैप्टर अवार्ड प्राप्त हुआ। इस अवसर पर बैतूल जिले से अरुण किलेदार, विजय दीक्षित, महेंद्र (गुड्डा) वर्मा, संजय द्विवेदी, संतोष राठौर, भूपेंद्र राठौर, अजय पवार, कपिल डांगे, केपी अग्निहोत्री, चंद्रशेखर यादव आदि उपस्थित थे। जन परिषद के रामजी श्रीवास्तव ने बताया कि इस अवसर पर समाजसेवा, साहित्य, संस्कृति, पर्यावरण, खेल, पत्रकारिता, कृषि आदि क्षेत्रों के उपलब्धि प्राप्त व्यक्तित्वों को जनपरिषद अवार्ड से सम्मानित किया गया।*

### वे रोते-रोते वृक्षारोपण कर रहे थे



अतिथियों द्वारा जनपरिषद के -मा प्रभादेवी सम्मान- अवार्ड से समाजसेवा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए भोरा निवासी वरिष्ठ पत्रकार केपी अग्निहोत्री को सम्मानित किया गया। समारोह में शामिल के.पी. अग्निहोत्री को सम्मानित करते हुए बताया गया कि जन परिषद ने पर्यावरण की दृष्टि से सभी 210 चैप्टर्स को आव्हान किया गया था कि सभी चैप्टर्स अपने-अपने क्षेत्र में यथासंभव वृक्षारोपण करें ' संयोग से उन्ही दिनों भोरा निवासी वरिष्ठ पत्रकार केपी अग्निहोत्री के सगे बड़े भाई का निधन हो गया, इसके बावजूद उन्होंने उस समय जितने लोग उनके यहां संवेदना प्रगट करने आए, सबको एक-एक पौधा भेंट किया और स्वयं वृक्षारोपण भी किया ' वे भाई की याद में रोते जा रहे थे और जन परिषद के आव्हान पर पौधों को रोपित कर रहे थे ' संचालक ने कहा कि शायद ये दुनिया का प्रथम पौधा होगा, जिसे पानी से नही, बल्कि आंसुओं से सींचा गया।

# चारों धाम के बाद अमरनाथ यात्रा पर निकले नित्या समिति के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



22 जून को चारों धाम यात्रा के लिए बैतूल से निकले नित्या समाज सेवी संस्था के 8 सदस्यीय श्रद्धालुओं का दल चारों धाम यात्रा सकुशल पूर्ण कर चुके है। इसके बाद यह जत्था 3 जुलाई को दिल्ली से फ्लाइट से जम्मू कश्मीर के लिए रवाना हो जाएंगे। जम्मू कश्मीर से देश के सबसे कठिन यात्रा कहे जाने वाली अमरनाथ यात्रा पर निकलेंगे।यह जानकारी संस्था के संयोजक बलराम जसूजा ने दी है।

बैतूल के समाजसेवी संस्था नित्या सेवा समिति के आठ सदस्यीय श्रद्धालुओं का जत्था चारों धाम दर्शन के लिए बैतूल रेलवे स्टेशन से 22 जून दिन शनिवार को दोपहर जीटी एक्सप्रेस से निकले थे । चारों धाम दर्शन के लिए निकले इस जत्था को उनके शुभचिंतकों मित्रों परिजनों ने स्टेशन पहुंचकर उनके सुखद यात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हुए विदाई दी थी । नित्या सेवा समिति के हरीश गढ़ेकर ने बताया कि संस्था के संयोजक बलराम जसूजा के नेतृत्व में चारों धाम दर्शन के लिए परिवार सहित कुल 8 सदस्य जीटी एक्सप्रेस से गत 22 जून को निकले थे । श्री गढ़ेकर ने बताया कि 10 दिनों में इनका दल दिल्ली, हरिद्वार , ऋषिकेश के बाद गंगोत्री , बद्रीनाथ, केदारनाथ यात्रा कर वापस हरिद्वार पहुंच गए हैं । फिर हरिद्वार से दिल्ली पहुंचकर अमरनाथ की यात्रा शुरू करेंगे। अमरनाथ दर्शन करने के बाद वापस बैतूल लौटेंगे । उन्होंने बताया कि अभी पिछले 10 दिनों की चारों धाम यात्रा बेहद सुखद ढंग से हो चुकी हैं । सेवानिवृत्त बैंक ऑफिसर और नित्या सेवा समिति के संयोजक बलराम जसूजा ने कहा कि भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद से निश्चित ही अमरनाथ अमरनाथ यात्रा भी कुशलता से पूर्ण हो जायेगा । गौरतलब है कि तीर्थ धाम पर निकले इन श्रद्धालुओं में नित्या सेवा समिति के बलराम जसूजा,सुरेंद्र



डबली कपूर, हरीश गढ़ेकर और दीपक पाल सभी अपने-अपने परिवार सहित 8 सदस्य है ।

### 8 जुलाई को लौटेंगे बैतूल

अमरनाथ यात्रा पूर्ण करने के बाद श्रद्धालुओं का यह दल 8 जुलाई को वंदे भारत ट्रेन से दोपहर में बैतूल पहुंचेंगे। बैतूल पहुंचने पर स्टेशन में उनके परिजन और शुभचिंतकों द्वारा स्वागत सत्कार के साथ अगवानी करेंगे । श्रद्धालुओं के इस दल में शामिल हरीश गढ़ेकर दंपत्ति और दो दिन बाद 10 जुलाई को बैतूल पहुंचेंगे । चूंकि वे अमरनाथ यात्रा करने के बाद अपने बेटों के पास बैंगलोर भी जाएंगे ।

# क्षत्रिय पवार समाज ने किया प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान



**बैतूल।** क्षत्रिय पवार समाज संगठन बैतूल द्वारा पवार मंगल कालापाठा में आयोजित वार्षिक कार्यक्रम में, समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल पवार (पिंजारे) ने की। कार्यक्रम के दौरान, प्रदेश स्तरीय स्थान प्राप्त करने वाले यश पवार और एमपीपीएससी में चयनित आंचल पवार सहित, कक्षा दसवीं और बारहवीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर रोंढा निवासी पूर्व कलेक्टर प्रदीप कालभोर नागपुर द्वारा भेजे गए शुभकामना संदेश का वाचन भी किया गया। मीना डां राजेन्द्र प्रसाद गिहारे ने अपने ससुर स्व. कुंवरलाल गिहारे (शिक्षक) की स्मृति में यश पवार को 5000 रुपये और एमपीपीएससी की तैयारी करने वाली कु. गायत्री को 2500 रुपये की सहयोग राशि प्रदान की। शिक्षाविद डॉ. राजेन्द्र प्रसाद गिहारे ने घोषणा की कि पीएससी और यूपीएससी की तैयारी करने वाले आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को 10 हजार रुपये की पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी। सृष्टि संजीव गोहिते को 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया, जबकि प्रवीण पवार को सहायक विस्तार अधिकारी चयनित होने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिनमें जनपद अध्यक्ष नान्ही बाई पिरथीलाल डहारे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कंचन महेन्द्र कालसेकर, डॉ. अशोक बारंगा सिविल सर्जन, और डॉ. संगीता पवार शासकीय चिकित्सालय मुलताई शामिल थे।

# नए कानून का किया जा रहा प्रचार-प्रसार

## जिले के सभी थाना प्रभारियों ने दी नए कानून की जानकारी

**बैतूल।** नवीन अपराध अधिनियम 2023 के आज 1 जुलाई 2024 से लागू होने के संबंध में जिलें के सभी थाना क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक निश्छल एन झारिया एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी के मार्गदर्शन मे सभी पुलिस थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराए गए, जिसमे उपस्थित लोगों को नया भारत- नया विधान के बारे में पूरी जानकारी दी गई। इसके साथ ही पुराने कानून एवं नए कानून में क्या अंतर है समझाया गया। इस उपलक्ष में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी द्वारा उपस्थित गणमान्य नागरिकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।



### थाना गंज पुलिस ने नवीन कानून बीएनएस के तहत बैतूल जिले में दर्ज की प्रथम एफआईआर

*बैतूल । सोमवार 01/07/24 को फरियादी शंकर पवार पिता गिरधारी पंवार उम्र 58 साल नि० पटवारी कॉलोनी गंज बैतूल ने थाना उपस्थित आकर रिर्पोट किया कि मेरे बडे लडके हर्षित पवार ने आज सुबह मोबाइल चार्जिंग की बात को लेकर मेरे तथा छोटे लडके पुलकित के साथ गाली गलौजकर मारपीट कर जान से मारने कि धमकी दिया है फरियादी की रिपोर्ट पर थाना गंज में आरोपी हर्षित पंवार के विरुध्द अपराध कं 255/24 धारा 296,115,351 (2) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 के अतंगर्त अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। जो नये कानून के तहत थाना गंज पुलिस ने बैतूल जिले में प्रथम एफआईआर दर्ज की गई। प्रथम एफआईआर दर्ज करते समय थाना प्रभारी गंज निरी० रविकान्त डहेरिया, उनि अजय रघुवंशी, आर मनोज, आर देवेन्द्र व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।*

## समिति की बैठक में लिए कई निर्णय

# 100 सीटर बॉयज हॉस्टल बनेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की भी सौगात



**बैतूल।** जिले के सबसे बड़े जेएच पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में जनभागीदारी समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जेएच कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में अब 100 सीटर बॉयज हॉस्टल केंद्रीय मंत्री जनजातीय विभाग दुर्गादास उईके से स्वीकृति कराने का निर्णय लिया गया। वहीं कॉलेज में बढ़ती खेल गतिविधियों और विद्यार्थियों द्वारा स्पोर्ट्स में रुचि दिखाने के चलते स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का भी प्रस्ताव लिया गया। दोनों ही महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट केंद्रीय मंत्री से स्वीकृति के लिए भेजे जाएंगे। इसके अलावा नए विषयों की शुरुआत भी कॉलेज में करने का निर्णय लिया गया। जेएच कॉलेज जनभागीदारी समिति की बैठक में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष घनश्याम मदान, शिक्षाविद कान्तु दीक्षित, अभिषेक जैन, विकास प्रधान, सुमित सोनी, विवेक शर्मा, शिवराजसिंह परिहार, कुंवरलाल, निलेश गोस्वामी, दीपशिखा वैद्या प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे सहित कॉलेज स्टाफ एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे। बीएड, बीएलआईबी, बी.एस.डब्ल्यू, बीकॉम डिग्री धारी कोर्स शुरू करने का भी निर्णय लिया गया। इसके अलावा जनभागीदारी योजना के तहत समिति द्वारा कॉलेज में कार्यरत कर्मचारियों का 10 प्रतिशत वेतन बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

# छात्राओं के लिए महाविद्यालय में बेहतर है सुविधाः प्राचार्य

## शासकीय एमजीएम कॉलेज में दीक्षारंभ कार्यक्रम का हुआ आयोजन, कालेज में हुआ नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शासकीय एमजीएम कालेज में दीक्षारंभ कार्यक्रम मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष डॉ नीरज जैन, प्राचार्य डॉ राकेश मेहता, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अरविंद शर्मा, डॉ रश्मि तिवारी, कार्यक्रम अधिकारी डॉ संतोष कुमार अहिरवार की उपस्थिति में किया। शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन पूजन से हुआ। बीए प्रथम वर्ष की छात्रा आरती तिवारी ने हे शारदे मां अज्ञानता से हमें तार दे मा की प्रस्तुति दी।

प्राचार्य डॉ राकेश मेहता ने स्वागत भाषण में संस्थान का परिचय एवं उसकी विजन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाविद्यालय की स्थापना 14 जुलाई 1958 को हुई थी। आज महाविद्यालय एक वट वृक्ष के रूप में पुष्पित पल्लवित हो रहा है। अधोसंरचना का व्यवस्थित विकास हुआ, ग्रंथालय संभाग में सबसे बड़ा है।

कंप्यूटर लैब, भाषा प्रयोगशाला, जैसे महत्वपूर्ण आयाम महाविद्यालय में स्थापित हैं। महाविद्यालय का विजन छात्रों के संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास करना है, जिससे विद्यार्थी न केवल अकादमिक रूप से सक्षम रहें अपितु सामाजिक व्यवस्था के एक उपादान के रूप में भी उनका योगदान देश के प्रति हो। नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने स्कूल और महाविद्यालय में बड़ा अंतर को समझाते हुए कहा कि क्या समझते आप 'आजाद हो गए हैं, उन्मुक्त न हों महाविद्यालय की संपत्ति आपकी संपत्ति है, इसको नुकसान ना पहुंचाएं आप अच्छे नागरिक होने का परिचय दें। भारत सरकार के द्वारा विद्यार्थियों के लिए कई सारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उनका लाभ लें और महाविद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन करें। जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष डॉ नीरज जैन में कहा कि महाविद्यालय शिक्षा का उत्तम माध्यम है। अपनी समस्याओं को प्रोफेसर के पास रखेंगे तो आपकी समस्या का समाधान होगा, ऐसा मुझे विश्वास है।




### कॉलेज में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए किया गया दीक्षांत समारोह का आयोजन

पिपरिया शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय दीक्षांत समारोह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रारंभ महाविद्यालय से परीक्षित विद्यार्थियों को करवाना विभिन्न योजनाओं की जानकारी देना राष्ट्रीय शिक्षा नीति परीक्षा छात्रवृत्ति एवं अन्य गतिविधियों से अवगत कराने के लिए यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें कार्यक्रम के प्रथम दिवस में मुख्य अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी विशेष अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल के द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया इस दौरान विशिष्ट अतिथि ममता नागवंशी सहित तमाम लोग शामिल हुए प्राचार्य राकेश कुमार वर्मा के द्वारा अपने उद्बोधन में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दें विधायक के द्वारा अपने उद्बोधन दिया।

## सड़क हादसे में एक युवक की मौत, एक गंभीर

# लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर बोलेरो चालक ने मारी युवकों को टक्कर

तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बोलेरो चालक ने सड़क पर खड़े दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई तो वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।




हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर बोलेरो की टक्कर से एक ग्रामीण की मौत एवं एक गंभीर रूप से घायल होने का जानकारी मिली है पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी गुराडिया कला निवासी वीरेंद्र राजपूत ने पुलिस को बताया मेरा भाई राकेश और निलेश राजपूत वेयरहाउस के सामने खड़े थे तभी होशंगाबाद की तरफ से एक बोलेरो एमपी 05 जेड डी 9569 तेज रफ्तार से आ रही थी चालक लापरवाही से वहां चला रहा था उसने सामने से राकेश और नीलेश को टक्कर मार दी जिससे राकेश वहीं गिर पड़ा बेहोश हो गया उसके सर में चोट लगने से खून बह रहा था निलेश को भी सर दाहिने हाथ और बाएं हाथ में चोट आई है दोनों को हम प्राइवेट वाहन से इलाज के लिए होशंगाबाद ले गए गाड़ी टक्कर मारने वाली गाड़ी खड़ी हुई तो हमने उसका नंबर देखा और मोबाइल से फोटो भी खींची है घटना को वहां खड़े रंजीत अल्ताफ खान एवं भूपेंद्र सिंह ने देखी वहीं प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया बोलोरो गाड़ी पर मध्य प्रदेश शासन लिखा हुआ था जिसमें महिला अधिकारी बैठी हुई थी वहीं सूत्रों से जानकारी मिली इस वाहन से से एस वी एम की जिला समन्वयक प्रीति झरवड़े दौरा कर रही थी

पुलिस ने बी एन एस 2023 की धारा 281 एवं 125 क के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच में लिया है भारतीय न्याय संहिता की माखन नगर थाने में यह पहली रिपोर्ट दर्ज हुई है। घटना के संबंध में फरियादी वीरेंद्र से बात की गई तो बताया राकेश की दुर्घटना में मृत्यु हो गई है जिसका होशंगाबाद में पोस्टमार्टम हुआ शव गांव में लेकर आए हैं जिसका अंतिम संस्कार बुधवार को करेंगे वही निलेश गंभीर रूप से घायल है जिसका इलाज चल रहा है टी आई राजपाल यादव ने बताया वाहन जप्त कर अज्ञात चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# स्कूल के चैनल गेट का ताला तोड़कर रसोई कक्ष में रखे सामान ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर

भटगांव रोड स्थित माध्यमिक विद्यालय में चोरी की घटना सामने आई है। विद्यालय के चैनल गेट के ताले तोड़कर चोरों ने मध्यान्ह भोजन कक्ष से गेहूं की बोरी, चावल की बोरी, एक गंजा एवं एक कढ़ाई ले गए हैं। गैस टंकी बाहर चेनल गेट के पास पड़ी मिली है। सुबह की सैर पर जाने वाले रामबाबू ने ताले टूटे देखे तो उसने तुरंत स्कूल प्रबंधन को सूचना दी। फिर मौके पर मध्यान्ह भोजन के कर्मचारी एवं शिक्षक पहुंचे। पुलिस को सूचना देकर बुलाया गया। शिक्षक सुंदर सिंह पुर्विया ने बताया कि पूर्व में भी हमारे विद्यालय में चोरी हो चुकी है। उस समय भी चोरों ने मध्यान्ह भोजन की सामग्री पर हाथ साफ किया था। शिक्षक ने बताया कि चौकी में एफ आई आर कराने के लिए गए तो चौकी प्रभारी ने आवेदन लेकर कहा कि एफ आई आर बाद में कर लेंगे। गौर तलब है कि खिड़िया मैदान जहां माध्यमिक विद्यालय स्थित है तो वहीं हायर सेकेण्डरी स्कूल भी स्थित है। एवं यहां पर एक अन्य इमारत में आंगनबाड़ी केंद्र भी संचालित होता है।रात के समय यह इलाका सुनसान हो जाता है। एवं यहां पर शराबियों का जमघट लगने लगता है। इन असामाजिक तत्वों ने कई बार विद्यालयों की इमारत को नुकसान पहुंचाया है। खिडकी, कांच, दरवाजे आदि तोड़े गए हैं।



जिसकी शिकायत स्कूल प्रबंधन द्वारा स्थानीय चौकी में की जा चुकी है। ग्राम वासियों के अनुसार पुलिस विभाग द्वारा यहां की कोई भी पेट्रोलिंग नहीं की जाती है। पूर्व की घटनाओं से सबक लेकर भी पुलिस का ढीलापन सोचनीय है। इस विषय में थाना प्रभारी कंचन सिंह ठाकुर ने बताया कि घटना स्थल की विजिट की गई है । पुलिस द्वारा आवेदन लेकर मामले की छानबीन की जा रही है ।

# बागदेव घाट लूट के दो और आरोपी गिरफ्तार, एक की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

विगत 26 जून को औबेदुल्लागंज-बैतूल नेशनल हाईवे पर बागदेव के जंगल में दो ग्रामीण युवकों से मारपीट कर लूट की वारदात करने वाले दो और आरोपियों को मंगलवार केसला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में कुल छह आरोपी हैं जिनमें से तीन आरोपी 29 जून को जेल भेजे जा चुके हैं, दो मंगलवार गिरफ्तार हुए हैं तथा एक अभी फरार है। वारदात 25 जून की रात 10.45 बजे की है।




### यह थी घटना

फरियादी हरिओम पिता समरसिंह लोवे 18 वर्ष निवासी मोरपानी है। वह और उसका साथी बबलेश के साथ शोभापुर में रामकृष्ण पटेल के खेत में लेवलिंग के लिए गए थे। लेवलिंग कार्य कर दोनों 80 हजार रुपए लेकर ट्रैक्टर से अपने गांव मोरपानी जा रहे थे। उनके साथ में नया पोडार गांव का अंतराम भी था। रात 10.45 बजे नेशनल हाइवे पर बागदेव के जंगल क्षेत्र में आमवाली पुलिया के पास अंतराम ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया। फिर आरोपी अंतराम व उसके साथियों ने हरिओम व बबलेश के साथ मारपीट की। जिस बैग में 80 हजार रुपए रखे थे। उसे छीनकर सभी भाग गए।

केसला थाना प्रभारी श्रीनाथ झरबड़े ने बताया घटना के बाद फरियादी दोनों डर गए थे। अगले दिन बुधवार शाम को वे थाने आए। शिकायत के बाद आरोपी अंतराम व उसके साथियों के खिलाफ धारा 394 के तहत केस दर्ज किया। 29 जून को तीन आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है तथा दो आरोपी शेरू उईके पिता छोटेलाल उईके 30 वर्ष निवासी मंडीपुरा सुखतवा तथा कट्टा उर्फ संजय राठौर 29 वर्ष को मंगलवार गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया। मामले में एक आरोपी की गिरफ्तारी होना अभी बाकी है।

# नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का भाजपा ने जलाया पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर/सोहागपुर

हाल ही में राहुल गांधी इ्वाट्स हिंदू समाज को हिंसक कहने के बाद जहां एक ओर हिंदू समाज में आक्रोश है तो वहीं हिंदू वादी संगठनों के अतिरिक्त भाजपा , युवा मोर्चा द्वारा देश भर में राहुल गांधी का पुतला जलाया गया । इसी तारतम्य में भारतीय जनता पार्टी एवम युवा मोर्चा द्वारा शोभापुर मंडल एवम सोहगापुर मंडल में राहुल गांधी का पुतला जलाया गया । शोभापुर में पुतला दहन रामलीला मैदान में किया गया । इस दौरान राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी भी हुई । पुतला दहन के दौरान ललित पटेल , सुदीप दुबे , शरद दुबे , केशव जाजू , नरेंद्र शर्मा , चंद्र गोपाल भार्गव , कमलेश आचार्य भरत रघुवंशी , केशव पटेल , शैलेंद्र पटेल , हैप्पी नामदेव , इत्यादि उपस्थित रहे ।



# हिंदू विरोधी बयान पर भाजपाईयों ने राहुल गांधी का पुतला किया दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया केंद्र सरकार में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के तरफ से नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी के द्वारा सदन में भाजपा के नेताओं के द्वारा लगाए गए आप के अनुसार हिंदू विरोधी बयान दिए गए थे इस विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष पवन कहार नेतृत्व में भाजपा नेता अरविंद राय पवन वालिया एवं युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नगर मंडल अध्यक्ष सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे सभी के द्वारा नेता प्रतिपक्ष केंद्र सरकार राहुल गांधी के खिलाफ मुरादाबाद के नारे लगाए गए तथा उनके द्वारा दिए गए बयान की कड़ी निंदा की गई।



पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजीव जायसवाल ने बताया कि सांसद चल रही थी संसद के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के द्वारा सनातन धर्म को लेकर हिंदू विरोधी शब्दों का उपयोग किया गया था जिसके कारण भाजपा के द्वारा अपना विरोध दर्ज कराते हुए मंगलवार चौराहे पर राहुल गांधी का पुतला दहन करते हुए उनके द्वारा दिए गए बयान की कड़ी निंदा की।

### शव मिलने से मचा हड़कंप, पीएम के बाद परिजनों को सौंपा

**शोभापुर।** सोहगापुर थाना अंतर्गत आने वाले गजनई गांव मे सुबह शव मिलने की खबर से क्षेत्र में हड़कंप मच गया । ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को शासकीय अस्पताल सोहागपुर लाया गया । जहां पर उसका पीएम हुआ । थाना प्रभारी कंचन ठाकुर ने बताया कि जिस व्यक्ति का शव मिला था वह मजदूर छोड़ने पिपरिया से गजानई गया था । जहां पर उसे अटैक आया है और उसकी मौत हो गई है । थाना प्रभारी के अनुसार मृतक राईखेड़ी रोड पिपरिया का निवासी था जिसकी उम्र 55 वर्ष थी । जिसका पीएम के बाद शव अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंपा गया है । उन्होंने बताया कि मर्ग कायम किया है।

### जेल प्रहरी एवं सहायक जेल अधीक्षक का टेस्ट 5 तक

**पिपरिया।** मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल के द्वारा सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी भर्ती हेतु 25 में 2023 से 20 जून 2023 तक परीक्षा आयोजित की गई थी। बारे में सहायक जेल अधीक्षक मनीष पवार ने बताया कि जिसका परीक्षा परिणाम 14 मार्च 2024 को घोषित किया गया एवं सफल अभ्यर्थियों के गति चरण की परीक्षा जिसमें शारीरिक नापतोल का टेस्ट जेल विभाग स्वयं लगा प्रथम चरण के उम्मीदवारों के लिए भोपाल पुलिस स्टेडियम में 2 जुलाई 2024 से 7 जुलाई 2024 तक प्रतिदिन आयोजित किया जाएगा।

## सनातन संस्कृति की रीति रिवाज से संपन्न हुआ विवाह

# मुस्कान संस्था की बेटी बनी दुल्हन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

एक अनूठे विवाह की रस्म मंगलवार को वृंदावन गार्डन में निभाई गई। जिसमें दूल्हा-दुल्हन ने गायत्री पद्धति से सात फेरे लेकर एक दूजे का हाथ थामा। जिसके साक्षी हजारों लोग बने। इस दौरान भव्य बारात के साथ सनातन संस्कृति के दर्शन भी हुए। दरअसल मुस्कान संस्था में करीब 8 वर्ष की उम्र में आकर यहीं पली-बढ़ी उर्मिला की शादी भोपाल के शुभम राठौर से हुई। शादी की रस्म में समाजसेवी मनीष ठाकुर और अमृता ठाकुर ने कन्यादान किया।



8 साल की उम्र में खंडवा जिले से इटारसी की मुस्कान संस्था पहुंची बालिका उर्मिला बालिग होने तक संस्था में ही रच बस गई थी। मुस्कान संस्था में पहुंची उस बच्ची उर्मिला को पूरे प्रबंधन ने लाड़-प्यार से पाला। जब वह बालिग हो गई तो मुस्कान संस्था प्रबंधन ने उसके मां-बाप नहीं होने का अहसास उर्मिला को नहीं होने दिया और मां-बाप का फर्ज निभाते हुए उसके हाथ पीले कराए। उर्मिला को विदाई देते वक्त मुस्कान संस्था से जुड़े हर शख्स की आंखों में खुशी के आंसू बह निकले।

उल्लेखनीय है कि मुस्कान संस्था में ऐसे बच्चों को रखा जाता है जिनके माता-पिता या घर-परिवार का कुछ अता-पता नहीं होता है। जब उर्मिला को मुस्कान संस्था में एंट्री मिली थी तब उस वक्त उसकी आयु केवल 8 वर्ष की थी। बाल कल्याण समिति के माध्यम से उर्मिला को यहां लाया गया था। यहां आने के बाद उर्मिला का मन यहां ऐसा रमा कि वह यहीं की होकर रह गई। उसे कभी यहां रहकर अपने माता-पिता का ध्यान ही नहीं आया। बालिग होने के बाद उसे शक्ति सदन में रखा जा रहा था।

# पहले पति पर झूठा मामला दर्ज, फिर पीड़िता पत्नी को जेल पहुंचाने की दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

रेत माफिया और यू पी पुलिस द्वारा सांठगांठ कर पीड़िता के परिवार पर झूठी एफआईआर दर्ज कर निर्दोष पति पर गवन का आरोप लगाकर जेल पहुंचाने एवं विगत 9 जून को पीड़िता के ग्राम जमुनिया स्थित निवास पर पहुंचकर धारा 82 की कार्रवाई के दौरान पीड़िता को डराने धमकाने और जेल पहुंचाने की धमकी देने का है। उक्त मामले को लेकर पीड़िता नर्मदापुरम पुरम जिले की कलेक्टर की जनसुनवाई में शिकायत की है। इस संबंध में पीड़िता सुधा मेहरा से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि मेरा पुत्र कपिल मेहरा उत्तर प्रदेश की बालू रेत की कंपनी में विगत 3 वर्ष से मामूली कैशियर के पद पर कार्यरत था कंपनी के सुहेल सिद्दीकी की बात नहीं मानने पर मेरे पुत्र पर 90 लाख का झूठा गबन का आरोप लगाया जबकि मेरे पुत्र ने उक्त 90 लाख रुपए कंपनी के बैंक खाते में जमा कर दिए थे जिसकी रसीद आज भी उपलब्ध है तथा मेरे निर्दोष पति पर जिनका कंपनी से कोई लेना देना नहीं है फिर भी झूठी एफआईआर दर्ज कराई और मेरे पति को उत्तर प्रदेश के ओबरा थाना जिला सोनभद्र बुलाकर पहले मारपीट की एवं ओबरा थाना के एस आई मोहम्मद एस खान से मिली भगत करके मेरे पति पर गबन का इल्जाम लगाकर जेल पहुंचाया और भगत 9 जून को मेरे जमुनिया स्थित निवास पर आकर धारा 82 की कार्रवाई के दौरान मुझे डराया धमकाया और मुझे भी मामले में लिप्त कर जेल भेजने की धमकी दी।



उक्त मामले को लेकर पीड़िता लगातार कलेक्टर की जनसुनवाई में पिछले मंगलवार से जा रही है पिछले मंगलवार अधिकारियों द्वारा मामले को खनिज अधिकारी के पास ट्रांसफर कर दिया गया और आज 2 जुलाई को पीड़िता पुनः जनसुनवाई में पहुंची तो उक्त मामले को पुलिस अधीक्षक के पास स्थानांतरित कर दिया गया है पीड़िता का कहना है कि वह यूपी पुलिस तथा रेत माफिया द्वारा उसके परिवार पर किया जाए रहे अत्याचार से अत्यंत भयभीत है तथा न्याय नहीं मिलने पर उसने अपनी जीवन लीला समाप्त करने की बात आवेदन में कही है।

### ग्रामीणों की पेयजल समस्या का हुआ समाधान

पिपरिया। जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत मटकुली के पास ग्राम छिरई मैं ग्राम वासियों के लिए लगभग 2 किलोमीटर से पीने के लिए पानी लाना पड़ता था तथा हैंड पंप के ऊपर ही निर्भर रहना पड़ता था ग्रीष्म ऋतु में है तब में भी पानी कम हो जाने से काफी दूर-दूर से पानी लाया जाता था लेकिन लोक स्वास्थ्य यंत्र की विभाग के वर्तमान एसडीओ रवि केलवा के द्वारा शासन की नल जल योजना जल मिशन के अंतर्गत उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत दो नलकूप का खनन कराया परंतु उनमें भी पर्याप्त पानी न मिलने के कारण ग्राम से लगभग 700 मीटर दूर कई मति टोला में नलकू खनन कराया उसमें पर्याप्त पानी उपलब्ध हुआ जिससे ग्राम वासियों को घर-घर नल से जब जल प्राप्त होने लगा है समस्त ग्रामीण जन वर्षों से चली आ रही समस्या से निदान पाने पर अत्यंत प्रसन्न है तथा उन्होंने एचपी विभाग का आभार माना है। वहीं पर उन्होंने बताया कि नल जल योजना का कार्य जल मिशन अंतर्गत किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### 24 घंटों में जिले में 14.1 मिमी औसत वर्षा हुई

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 14.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 1.5 मि.मी., टिमरनी में 7.4 मि.मी., खिरकिया में 5.4 मि.मी., रहटगांव में 35.1 मि.मी. व सिराली में 21.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 128.9 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 168.7 मि.मी., टिमरनी में 84 मि.मी, खिरकिया में 79.2 मि.मी., रहटगांव में 184.9 मि.मी. व सिराली में 128 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 2 जुलाई तक 97.4 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है।

### मूंग उपार्जन के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

**हरदा।** ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन केन्द्रों की स्थापना की गई है। उप संचालक कृषि संजय यादव ने बताया कि ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन केन्द्रों पर आने वाली समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कंट्रोल रूम में सहायक संचालक कृषि रामकृष्ण मंडलोई मोबाइल नंबर 9926490984, भूमि संरक्षण सर्वे अधिकारी गोविंद प्रसाद सोनी मोबाइल नंबर 9926312392 तथा तकनीकी सहायक तुलसीराम बरबड़े मोबाइल 9926985277 की ड्यूटी लगाई गई है।

### विशेष अभियान चलाकर शाला संबंधित वाहनों का फिटनेस परीक्षण करें

**हरदा।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रोहित सिसोनिया ने जिला परिवहन अधिकारी हरदा व जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि विशेष अभियान चलाकर शाला संबंधित सभी वाहनों का फिटनेस परीक्षण करें तथा यह सुनिश्चित करें कि किसी भी वाहन को निर्धारित मानक की पूर्ति किए बिना बच्चों को लाने ले जाने के लिए अनुमति न हो तथा निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को न बैठाया जाए। उन्होंने निर्देशित किया है कि जिले में शालाओं में बच्चों को लाने ले जाने वाले वाहनों की फिटनेस का परीक्षण कर टिनेस प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें।


### आरोपी की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित

**हरदा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे ने ग्राम लाखादेह निवासी 16 वर्षीय नाबालिग बालिका की तलाश एवं अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को 3 हजार का इनाम देने की घोषणा की है। जो कोई व्यक्ति इस नाबालिग बालिका की तलाश एवं आरोपी को गिरफ्तार करवाएगा या ऐसी सूचना देगा, जिसके आधार पर बालिका की दस्तयाबी एवं आरोपी की गिरफ्तारी संभव हो सके, ऐसे सूचना कर्ता को 3 हजार रुपये इनाम की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा।

### खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर नमूने लिए

**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश पर मंगलवार को खाद्य सुरक्षा विभाग के दल ने खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कांबले ने बताया कि इस दौरान छीपावड़ में बीजासेन चाट सेंटर से समोसा और कचोड़ी तथा ठाकुर ढाबा पड़वा से दाल, ग्रेवी और पनीर के सैंपल लिए गए। सैंपल जांच के लिये खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा जायेगा रिपोर्ट के आधार पर उचित कारवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्योति बंसल उपस्थित थीं।

### उपनिरीक्षक के उच्च पद का दिया कार्यभार



**रहटगांव।** जिले में पदस्थ सउनि. कमल सिंह चौहान को वरिष्ठता सूची के आधार पर उप निरीक्षक के उच्च पद का कार्यवाहक प्रभार दिया गया। कमल सिंह वर्तमान में थाना रहटगांव में पदस्थ हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी अभिनव चौकसे व अति. पुलिस अधीक्षक रामदास प्रजापति ने का.वा. उपनिरीक्षक कमल सिंह के कंधों पर सितारे लगाकर उच्च पद का कार्यवाहक प्रभार सौंपा।

### संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजी शिकायतें

# जिलेभर से जनसुनवाई में शिकायतें लेकर पहुंचे नागरिक, अधिकारियों ने सुनी बात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

हर मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई के दौरान जिलेभर से लोग शिकायतें लेकर कलेक्टर संकुल बुरहानपुर पहुंचे। यहां अफसरों को शिकायत की। अफसरों ने शिकायतें सुनने के बाद संबंधित विभागों को भेजी और कार्रवाई का आश्वासन दिया।

हमीदपुरा अपना नगर के रहवासियों ने शिकायत की कि हमने अपना नगर में प्लाट खरीदे। जिस समय प्लाट खरीदे थे कॉलोनाइजर से बात की थी कि यहां रहवासी ही रहेगा किसी प्रकार के उद्योग, पावरलूम नहीं रहेंगे, लेकिन अब यहां पावरलूम डल रहे हैं। एक पावरलूम का काम पूरा हो गया बिजली चालू नहीं हुई तो वहीं दूसरे का काम चल रहा है। सैयद कलीम ने बताया यहां करीब 25 से अधिक मकान बन गए हैं। नए मकान भी बन रहे हैं। ऐसे में पावरलूम डलने से परेशानी आएगी। बच्चे पढ़ाई नहीं कर पाएंगे। बुजुर्ग भी परेशान होंगे। अफसरों ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान रहवासी अरशद उल्ला, अशफाक खान, नासिर खान सहित अन्य मौजूद थे।

#### बसाड़ के ग्रामीण बोले- बार बार बंद होती है बिजली, टूटते हैं तार

ग्राम बसाड़ के ग्रामीणों ने जनसुनवाई में शिकायत की कि बिजली लाइन के तार रहवासियों के घर के उपर से जा रहे हैं। बार बार बिजली के तार टूटते हैं। इसके कारण बिजली हो जाती है। इससे जान माल की हानि का भय बना रहता है। बिजली के नए पोल लगाए जाएं। ग्रामीण रविंद्र बारकु, सीमा बाई, संगीता बाई आदि ने कहा शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है इसलिए जनसुनवाई में पहुंचे।

#### कब्जा दिलाने का आदेश गलत

नाचनखेड़ा के इस्माईल पिता वजीर, पपीला बाई भास्कर, विश्वनाथ पिता रघुनाथ चौधरी ने जनसुनवाई में शिकायत की कि उनके खेतों में फसल खड़ी है। ऐसे में एक आदेश तहसीलदार शाहपुर की ओर से जमीन पर कब्जे के लिए दिया गया है जबकि जमीन पर हमारा कब्जा है और मामला राजस्व मंडल ग्वालियर में चल रहा है। जिसमें स्टे मांगा गया है। ग्रामीणों ने एक शिकायत के आधार पर जमीन दूसरे व्यक्ति के कब्जे में देने के आदेश का विरोध किया। अफसरों ने कार्रवाई का आश्वासन दिया।

#### बाढ़ पीड़ितों ने की विस्थापन की मांग

ग्राम फोपनार के बाढ़ पीड़ितों ने जनसुनवाई में पहुंचकर विस्थापन की मांग की। ग्रामीण इकबाल धुमाल सहित अन्य ने बताया कि 2023 में फोपनार खुर्द मोहना नदी में बाढ़ आने पर 15 से अधिक मकान बह गए थे। इसका मुआवजा तो मिला, लेकिन हमारा दूसरी जगह विस्थापन नही किया गया। ऐसे में बाढ़ पीड़त किराये के मकानों में रह रहे हैं। जिससे काफी परेशानी हा रही है। इसलिए मांग की जा रही है कि बाढ़ पीड़ितों को भूखंड का पट्टा दिया जाए। अफसरों ने शिकायत सुनकर निराकरण का आश्वासन दिया।

### भूमि से कब्जा हटवाने दिया आवेदन

## जनसुनवाई में कॉलोनी के खाली प्लाटों में पानी जमा होने की समस्या बताई



**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत जिला पंचायत के सभाकक्ष में नागरिकों की समस्याएं सुनी तथा उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ रोहित सिसोनिया सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में ग्राम नान्दरा निवासी स्नेहा पाण्डे ने कलेक्टर को आवेदन देकर छात्रावास में प्रवेश दिलाने के संबंध में निवेदन किया, जिस पर कलेक्टर ने जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग को आवेदक की पात्रता अनुसार छात्रावास में प्रवेश दिलाने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में हरिओम नगर व मंगल होम कॉलोनी के निवासियों ने कलेक्टर से नर्मदा लाइन से जल प्रदाय करने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा को आवेदकों की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुवाई में ग्राम सारनपुर निवासी रमेश विश्नोई ने अपनी भूमि से कब्जा हटवाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर उन्होने तहसीलदार खिरकिया को प्रकरण की जांच कर आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये।

ग्राम कोलीपुरा टप्पर निवासी ग्रामीणों ने जनसुनवाई में कलेक्टर को उन्हें पानी, बिजली व रोड़ की मूलभूल सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरदा को आवेदकों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। हरिओम नगर निवासियों ने जनसुनवाई में कलेक्टर को कॉलोनी के खाली प्लाटों में पानी जमा होने की समस्या बताई, जिस पर कलेक्टर सिंह ने सीएमओ नगर पालिका को आवेदकों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये।

### बयान के विरोध में राहुल गांधी का जलाया पुतला



**हरदा।** मंगलवार को शहर के टांक चौराहे पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हिंदुओं को हिंसक बोलने के बयान को लेकर विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला फूंका। बीजेपी के साथ साथ विश्व हिंदू परिषद ने कांग्रेस को इस मुद्दे पर सदन से सड़क तक घेरने का काम शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में हरदा में विहिप के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी की और उनके पुतले को जलाकर विरोध जताया। विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष गिरजाशंकर राजपूत ने कहा कि राहुल गांधी लगातार बहुसंख्यक हिंदुओं को अपमानित करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने संसद में जिस तरह से हिंदुओं को हिंसक बताया है, भगवान शिव की तस्वीर को लेकर राजनीति की है वह निंदनीय है और इस मामले में उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। विहिप नेताओं ने राष्ट्रपति और लोकसभा स्पीकर से इस मामले में दखल दिए जाने और राहुल गांधी के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है। साथ ही राहुल गांधी की संसद की सदस्यता रद्द की जाए और उनके खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए। नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि अपनी इस मांग को लेकर वह लगातार लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाते रहेंगे। राहुल गांधी का यह कृत्य कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## पशु पक्षी प्रेमी पुलिस अधिकारी ने स्वच्छता अभियान में बढ़ाया कदम

### स्कूल के सामने था कचरा इकठ्ठा कर जलाया



**झिरन्या।** पुलिस विभाग में ऐसे कई अधिकारी हैं, जो अपने दायित्वों के साथ साथ सामाजिक कार्यों में भी सदैव आगे रहते हैं। यहां पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक रमेश पंवार भी एक ऐसे ही अधिकारी हैं, जो पशु पक्षियों और प्रकृति प्रेम को लेकर अक्सर चर्चा में रहते हैं। वहीं वे सरकार के स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण और नशामुक्ति को लेकर भी उतने ही जागरूक हैं।

पिछले दिनों एक ऐसा ही प्रसंग उपस्थित हुआ, जब वे थाना रोड स्थित एक निजी स्कूल के सामने लगे कूड़े कचरे के ढेर और उसके आसपास फैले कचरे की भी साफ़ सफाई करते हुए दिखाई दिए। इस मार्ग से आवाजाही कर रहे राहगीर और वाहन चालक कुतूहलवश वहां कुछ देर रुकते और फिर उनसे सवाल भी करते थे। लेकिन उनके काम में हाथ बंटाए बगैर अपने गंतव्य की ओर चल पड़ते। इन सबकी परवाह किये बगैर वे अपना ध्यान साफ़ सफाई पर ही केन्द्रित किये हुए थे। उनके साथ उप निरीक्षक फिर्दियुस टोप्पो भी उनके कार्य में सहयोग कर रहे थे। अंततः उन्होंने कचरे के ढेर में आग लगाईं तो उठती हुई लपटों ने आने जाने वालों की उत्सुकता और बढ़ा दी। लेकिन वे इत्मीनान से वहीं खड़े रहे और पूरी तरह आग बुझने पर ही वे थाने की ओर प्रस्थित हुए।

#### गर्मी में पक्षियों के लिए रखते हैं सकोरे

ग्रीष्म ऋतु में जब सूरज की तपन यौवन पर होती है,तब वे पक्षियों के सकोरे रखते हैं और दाना पानी की व्यवस्था करते हैं। जब वे एक डेढ़ वर्ष पूर्व पुलिस चौकी हेलापडावा में प्रभारी थे,जब राहगीर उनके ऐसे कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते रहते थे। वे कमोबेश,ऐसी ही मानवीय संवेदना पीड़ित फरियादियों के प्रति भी होती है, लेकिन अपराधियों के लिए उनकी सख्ती भी कम नहीं है। वे सदैव वृक्षारोपण, नशा मुक्ति और अन्य धार्मिक कार्यों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

### आर्म्स एक्ट के प्रकरण में चल रहा था फरार

## पुलिस ने दबिश देकर 5 हजार के इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार



**बुरहानपुर।** पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर देवेंद्र कुमार पाटीदार द्वारा सभी थाना प्रभारियों को फरार चल रहे इनामी आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए निर्देशित किया गया है। निर्देशों के पालन में थाना प्रभारियों द्वारा पुलिस टीमों का गठन कर फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने की कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश, एसडीओपी नेपानगर निर्भय सिंह अलावा के मार्गदर्शन में थाना खकनार पुलिस द्वारा ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आर्म्स एक्ट में 5000 रूपये के ईनामी आरोपी सुनील पिता नानक सिंह सिकलीकर उम्र 30 साल निवासी पाचौरी को दबिश देकर पांगरी पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी खकनार विनय आर्य, सउनि अमित हनौतिया, शादाब अली, शुभम पटेल, संदीप कास्डे का योगदान रहा।

## थाना प्रभारी ने दी नए कानून की जानकारी




**झिरन्या।** थाना प्रभारी नाथुसिंह रंधा ने कहा है कि नए कानून से अपराधी बचेंगे नहीं और पीड़ितों को न्याय मिलेगा। अब गवाह भी अपने बयान से मुकर नहीं पाएंगे और यदि ऐसा किया तो उन पर एफ़आईआर दर्ज होगी। अब अपराधी नित नये तरीकों से अपराध करते हैं और अंग्रेजों के काल से चले आ रहे कानूनों में लचीलापन होने से अपराधी सजा से बच जाते थे।

वहा ग्राम पंचायत भवन में नए अपराधिक कानून 2023 को लेकर जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इन कानूनों में इलेक्ट्रोनिक मीडिया को साक्ष्य के रूप में मान्यता दी गई है, जिससे अपराधियों का बच पाना आसान नहीं होगा। वहीं अब पुलिस एवं अन्य गवाह वीडियो के माध्यम से गवाही दे सकेंगे, जिससे समय एवं आर्थिक अपव्यय नहीं होगा। उन्होंने प्रत्येक बिन्दुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि पुलिस गाँव गाँव में नए कानूनों की जानकारी देगी, लेकिन प्रबुद्ध नागरिकों और जनप्रतिनिधियों को भी इस मामले में सक्रिय रहकर जनमानस को उक्त प्रावधानों की जानकारी देना चाहिए। कार्यक्रम में सरपंच शर्मिला लखन मंडलोई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। इस अवसर पर प्रमुख जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन और ग्रामीणजन उपस्थित थे। इनमें ममराज पंवार, लखनसिंह मंडलोई, टोनू यादव, मंगलम पंवार, जितेन्द्रसिंह तोमर, विजेन्द्रसिंह सिसौदिया, लखन राठौड़, कोमल सुरागे, रमा पंवार, राधेश्याम पंवार प्रमुख हैं। थाना प्रभारी रंधा द्वारा मॉडल स्कूल में भी छात्र छात्राओं को नये कानूनों की जानकारी दी गई।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**हरदा।** मिशन शक्ति अभियान के तहत 100 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के दूसरे सप्ताह में वन स्टाप सेंटर हरदा से प्रभारी प्रशासक द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर ग्राम हंडिया में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकारों एवं उनसे संबंधित कानून की जानकारी दी गई। इस दौरान पीसी पीएनडीटी एक्ट के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर ग्रामीण महिलाएं, लाड़ली लक्ष्मी बालिकाएं एवं अन्य किशोरी बालिकाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व आशा कार्यकर्ता उपस्थित थीं।

## 'प्रभावित परिवारों के बच्चों को स्कूलों में नि:शुल्क शिक्षा मिले'




**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैरागढ़ विस्फोट प्रभावित परिवारों के बच्चों को स्कूलों में नि:शुल्क शिक्षा की व्यवस्था करें। कलेक्टर ने बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह को निर्देश दिये कि बैरागढ़ विस्फोट प्रभावित परिवारों का नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिये कि बैरागढ़ विस्फोट प्रभावित परिवारों में से पात्र परिवारों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिलाया जाए।

### जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित

# कोई भी बच्चा स्कूल में प्रवेश से वंचित न रहे: कलेक्टर सिंह ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति की बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी बलवंत पटेल, डीपीसी सहित शिक्षा विभाग व उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने बैठक में निर्देशित किया कि स्कूल बस संचालन के लिए सुरक्षा के मानकों की चेक लिस्ट तैयार की जाए। साथ ही नियमित रूप से स्कूलों का निरीक्षण किया जाए। इस दौरान उन्होने स्कूलों के परीक्षा परिणामों की भी समीक्षा की। उन्होने स्कूल चले हम अभियान के तहत विद्यालयों में चल रहे प्रवेश कार्यक्रम की समीक्षा की। उन्होने की दस्तावेजों के अभाव में कोई भी बच्चा स्कूल में प्रवेश से वंचित न रहे। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शाला त्यागी बच्चों के स्कूल त्यागने के कारणों का विश्लेषण करें तथा उन्हें स्कूल में प्रवेश के लिये प्रेरित करें। यह सुनिश्चित किया जाए कि जिन दस्तावेजों की कमी है, उन्हें संबंधित विभाग से समन्वय कर तैयार कराये जायें। उन्होने निर्देशित किया कि सभी खण्ड स्तरीय अधिकारी अपने क्षेत्र के विद्यालयों का नियमित रूप से भ्रमण करें। सभी अधिकारी रोस्टर बनाकर अपना भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तुत करें। बैठक में कलेक्टर ने बैठक की रिपोर्ट में त्रुटि पाये जाने पर प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी बलवंत पटेल को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एवं डीपीसी ने जिले में स्कूल शिक्षा विभाग में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में प्रेजेन्टेशन दिया। बैठक में बताया गया कि नवीन स्वीकृत सीएम राइज विद्यालय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदा, उत्कृष्ट विद्यालय टिमरनी व बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिमरनी का संचालन प्रारम्भ कर दिया गया है।

## बच्चों का किया नेत्र परीक्षण, शाला त्यागी बच्चों को दी गई समझाइश



**हरदा।** महिलाओं एवं 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों के शिक्षा, पोषण व स्वास्थ्य सहित समग्र विकास के लिए जिला प्रशासन इस माह से हृदय अभियान प्रारम्भ करने जा रहा है। इस अभियान के तहत बच्चों की शिक्षा व स्वास्थ्य तथा महिलाओं के स्वास्थ्य व स्वरोजगार सहित उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जाएगा तथा शिशु एवं मातृ मृत्यु दर को कम करने का प्रयास किया जाएगा। इस अभियान के लिए जिले के चयनित 50 ग्रामों में महिला बाल विकास, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के मैदानी अमले द्वारा संयुक्त सर्वे कर हितग्राहियों का चिन्हांकन किया जा रहा है। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग के दल द्वारा ग्राम मालपौन व बेसवा के प्रायमरी स्कूल में विद्यार्थियों का नेत्र परीक्षण किया गया। इस दौरान नेत्र सहायक आरपी कटारे द्वारा 49 बच्चों का नेत्र परीक्षण किया गया। इसी प्रकार जन शिक्षक अनूप शर्मा एवं साथी शिक्षकों द्वारा अभियान के तहत ग्राम बड़ी मैदा में शाला त्यागी बच्चों को शाला में प्रवेश के लिए प्रोत्साहित किया गया।